**भारत डायनामिक्स लिमिटेड**
**(भारत सरकार का उद्यम, रक्षा मंत्रालय)**
**निगम कार्यालय : गच्ची बाउली, हैदराबाद**

बी डी एल / 104/बीडी – सी सी / एम आर / 04 दि. 02 फरवरी, 2022

# प्रेस विज्ञप्ति

## बी डी एल ने भारतीय थल सेना को कॉंकूर्स-एम टैंकरोधी मिसाइल की आपूर्ति के लिए संविदा पर किये हस्ताक्षर

भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बी डी एल) और भारतीय थल सेना ने भारतीय थल सेना को कांकूर्स-एम टैंकरोधी मिसाइल के विनिर्माण व इनकी आपूर्ति के लिए रु. 3,131.82 करोड़ मूल्य की संविदा पर हस्ताक्षर किये हैं। आज नई दिल्ली में हस्ताक्षरित यह संविदा अगले तीन साल में निष्पदादित की जाएगी।

आज हस्ताक्षर की गयी कांकूर्स-एम संविदा को मिलाकर बी डी एल के पास रु. 11,4000/- करोड़ मूल्य के कार्य आदेश हैं।

बी डी एल के सी एम डी कमोडोर सिद्धार्थ मिश्र (से.नि.) ने बताया कि कॉंकूर्स-एम मिसाइलें रशियन मूल उपकरण विनिर्माता (ओ ई एम) से अनुज्ञप्ति करार के तहत बी डी एल द्वारा बनायी जा रही हैं। इस मिसाइल का अधिकतम देशीकरण हो चुका है। साथ ही, बी डी एल, मित्र देशों को कांकूर्स-एम मिसाइल के निर्यात के लिए भी तैयार है।

बी डी एल ने, कांकूर्स-एम मिसाइल की देशी और विदेशी माँग को पूरा करने के लिए अपनी विनिर्माण क्षमताएँ बढ़ायी हैं। अपनी वैश्विक आउटरीच के अंतर्गत बी डी एल कांकूर्स-एम के अलावा व्यक्तिवाह्य टैंकरोधी संचलित प्रक्षेपास्त्र, नाग, मिलान-2टी और अमोघ भी निर्यात करने के लिए तैयार है।

कांकूर्स-एम मिसाइल दूसरी पीढ़ी की विस्फोटक रिएक्टिव कवचित वाहन को ध्वस्त करने वाला मेकनाइज़्ड इंफैण्ट्री टैंकरोधी संचलित प्रक्षेपास्त्र है। यह मिसाइल बी एम पी-II टैंक या ग्राउंड

लॉंचर दोनों से चलायी जा सकती है। इसकी मारक क्षमता 75 से 4000 मीटर है जबकि इसका उड़ान समय 19 सेकण्ड।

बी डी एल, विदेशी मूल उपकरण विनिर्माताओं से टेक्नोलॉजी अंतरण के तहत तैयार कर रहे अपने उत्पादों के देशीकरण पर अधिक ध्यान दे रहा है। भारत सरकार की आत्मनिर्भरता मिशन पहल ने कंपनी के देशीकरण प्रयासों को और बल प्रदान किया है। विभिन्न प्रकार के उत्पादों के लिए भारतीय सशस्त्र सेनाओं की विदेशों पर निर्भरता कम करने के उद्देश्य से नये उत्पाद बनाने बी डी एल अपनी आंतरिक अनुसंधान एवं विकास क्षमताओं की वृद्धि पर भी बल दे रहा है।



**कॉंकूर्स-एम मिसाइल – लॉंचर पर**



**कॉंकूर्स-एम मिसाइल**

******